RAF SECTOR

NEWS CLIP

23/02/20

TO SERVE HUMANITY WITH SENSITIVE POLICING

Rajasthan patrika , Ahmadabad (GJ)

मोटेरा स्टेडियम के बाहर तैनात आरएएफ के जवान।

Gujarat Vaibhav , Ahmadabad (GJ)

नमस्ते ट्रम्प : मोटेरा स्टेडियम की किलेबंदी

परिंदा भी पर नहीं मार सकेगा, सुरक्षा चाक-चौबंद

मुख्यमंत्री रूपाणी ने तीसरी बार स्टेडियम पहुंचकर नमस्ते ट्रंप की तैयारियों व सुरक्षा का जायजा लिया

पुलिस ने कारों के काफिले से रोड शो का रिहर्सल किया

अहमदाबाद

अमरीकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप व प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गुजरात यात्रा से पहले मोटेरा स्टेडियम की किलेबंदी कर दी गई है। यहां बम डिस्पोजल स्क्वॉयड तैनात कर दिया गया है। ट्रंप के साथ पत्नी मेलानिया, बेटी इवांका व दामाद भी होंगे। जीसीए उपाध्यक्ष धनराज नथवाणी ने बताया कि 24 फरवरी को स्टेडियम का उद्घाटन नहीं होगा। दुनिया के सबसे बड़े क्रिकेट स्टेडियम मोटेरा अहमदाबाद को आखिरी बार शुक्रवार को मीडिया कर्मियों के लिए खोला गया। स्टेडियम में नमस्ते ट्रंप की तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। सोमवार को होने वाले इस समारोह में स्टेडियम का उद्घाटन नहीं होगा। मुख्यमंत्री विजय रूपाणी ने शुक्रवार को तीसरी बार स्टेडियम पहुंचकर नमस्ते ट्रंप की तैयारियों व सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। इससे पहले मुख्यमंत्री के सचिव अश्वनी कुमार, स्पेशल कमिश्नर अजय तोमर ने तैयारी व सुरक्षा जांच को अंतिम रूप दिया। पुलिस ने एयरपोर्ट से स्टेडियम तक कारों के काफिले से रोड शो का रिहर्सल भी किया। गुजरात क्रिकेट एसोसिएशन के उपाध्यक्ष धनराज नथवाणी ने इसकी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि गुजरात की लोक कला का भव्य प्रदर्शन होगा, जिसमें सूफी गायकी के जाने माने सिंगर कैलाश खेर, गुजरात लोकगायक कीर्तिदान गढवी, पार्थिव गोहिल, पुरुषोत्तम उपाध्याय, किंजल दवे सहित कई कलाकार लोकगीत पेश करेंगे। 63 एकड़ में 700 करोड़ की लागत से बने इस स्टेडियम में एक लाख दस हजार दर्शक बैठ सकेंगे। यह मेलबॉर्न व ईडन गार्डन से भी बड़ा स्टेडियम है। धनराज के मुताबिक, सोमवार को स्टेडियम का उद्घाटन नहीं होगा। स्टेडियम में जनवरी, 2021 में भारत व इंग्लैंड के बीच पहला टेस्ट मैच खेला जा सकेगा। अहमदाबाद के स्पेशल कमिश्नर अजय तोमर ने बताया कि गुजरात पुलिस ने स्टेडियम व एयरपोर्ट से स्टेडियम से लेकर गांधी आश्रम तक की कड़ी सुरक्षा व्यवस्था कर दी है। हजारों की संख्या में पुलिस के जवान व अफसर अहमदाबाद बुलाए गए हैं। तोमर ने कहा कि आश्रम को लेकर उनके पास ताजा कोई सूचना नहीं है, लेकिन पहले के रूट चार्ट आश्रम शामिल हैं। स्टेडियम पर रैपिड एक्शन फोर्स तैनात कर दी गई है। अब कोई परिंदा भी यहां पर नहीं मार सकेगा। इसमें प्रवेश के लिए तीन गेट होंगे, सभी दरवाजों पर बम डिस्पोजल स्क्वॉयड तैनात कर दी है।

https://gujaratvaibhav.com

Photos of Deployment/ Fam-Ex Of RAF

सी0आर0पी0एफ0 सदा अजेय, भारत माता की जय।